हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, रविवार, 25 जनवरी 2026

13 डीसी व डीसीपी ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को दिया अंतिम रूप



14 कई किलोमीटर लंबी शव यात्रा में गूंजे शहीद मोहित अमर...



SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS

संकल्प से समाधान तक

ADMISSIONS OPEN FOR SESSION : 2026-27

THE TIMES OF INDIA Awarded with Times School Survey award 2025-26

## सेना में अफ़सर बनने के सपने को पूरा कर रहा है संस्कारम ।

NDA Selections • NDA Qualifiers • MNS Selections

## Proud NDA Recommended

MANDEEP S/o SUKDARSHAN VILL : NIMLI
HARSH S/o ANIL VILL : TALAO
AAKASH S/o MUKESH VILL : MP MAJRA
KUNAL S/o MANJEET VILL : CHIMNI
RITIKA D/o DEVENDER VILL : JHAJJAR
RAKSHIT S/o VIKASH JHAJJAR

VIKASH S/o RAVINDER VILL : MATANHAIL
MANJEET S/o ASHOK VILL : MUNDSA
KUNAL S/o MANJEET VILL : CHIMNI
JATIN S/o RAJESH JHAJJAR
DUSHYANT S/o RAJESH JHAJJAR
SAGAR S/o SHISHPAL ROHTAK
ROHIT S/o VINAY VILL : JAHAZGARH
SIDDHARTH S/o PARDEEP VILL : SILANI
AJAY S/o DEVENDER VILL : DHAUR
GHANSHYAM S/o SATYAPARKASH VILL : WAZIRPUR
ROBIN S/o SATBIR JHAJJAR
NEERAJ S/o VINOD VILL : KHAJPUR
AYAN S/o RAJESH JHAJJAR
VISHAL S/o KULDEEP KHERI HOSADPUR
NEAH D/o CHANDAN VILL : PALRA
DIYA D/o VEERDEV VILL : JHAJJAR

RASHMIT S/o VIRENDER VILL : NIMLI
BHAVINDER S/o HEMCHANDER VILL : SILANI
ANUBHAV S/o VIKASH VILL : RAMPURA
GUNJAN D/o RAMESH VILL : KHATIWAS
DEEPAK S/o PARVEEN VILL : BIGOWA
DEEPANSHU S/o DHEERAJ VILL : KHERI
PARVEEN S/o ANIL VILL : KHERI
ISHANT S/o RAJESH VILL : SILANI
ISHITA D/o PAWAN JHAJJAR
VAIBHAV S/o AMIT JHAJJAR
CHIRAG S/o RAMBIR VILL : CHIMNI
LEKHDEEP S/o HARDEEP VILL : REWARIKHERA
DAIVIK S/o YOGESH JHAJJAR
RAHUL S/o JITENDER BERI
LAKSHAY S/o AJAY VILL : SILANA
RAKSHIT S/o VIKAS JHAJJAR

YASH S/o JAGBIR BERI
SAKSHI D/o NAVEEN VILL : BARHANA
MUSKAN D/o GOVIND VILL : KOELPUR
PARIKSHIT S/o SHIV JHAJJAR
AMAN S/o JAI SINGH BIROHAR
JIVESH S/o SONU BHAPRODA
DINESH S/o SANJAY BHAPRODA
SAHIL S/o SANDEEP SIWANA
AKSHAY S/o RAMAVTAR JHAJJAR
SAHIL S/o VIJAY BAHADURGARH
JAIKUMAR S/o PAWAN MAROUT
ANUJ S/o VIKASH JHAJJAR
SHUBHAM S/o RANBIR KHERI KHUMMAR
SHUBHAM S/o KAILASH DUBALDHAN
SAMEER S/o DHARAMBIR JHAJJAR
KAUSHAL S/o JOGINDER DADANPUR

SITANSHU S/o HARIKISHAN SURAJGARH
AMAN S/o JITENDER VILL : DUBALDHAN
ANSHU S/o SURESH VILL : DIGHAL
ANUJ S/o VIKASH JHAJJAR
NIKKI D/o SURENDER JONDHI
AMAN D/o MANJEET NAGAWA
BHAVYA D/o AJMER KABLANA
VIVEK D/o BASANT SIWANA
TUSHAR S/o DHARAMBIR VILL : SEKHUPUR JAT
HEMANT S/o MANOJ VILL : BAGHPUR
NITIN S/o RAKESH VILL : BHADANI
AMAN S/o RAMESH KHERI KHUMMAR
SHIVAM S/o JOGINDER VILL: SEKHUPUR JAT
DISHA S/o SUDHIR VILL : KOYALPUR
SHUBHAM S/o MANOJ MANGAWAS
SACHIN S/o JEET SINGH JHAJJAR

Defence Focused Complete Preparation for NDA & Defence Services

- SSB Training by Retried Officers
- Personality Development Classes
- Exposure of Largest G.T.O Ground
- Weekly Mock / NDA Exam Blueprint
- Hindi & English Teaching Medium
- Ultra Modern Hostel & E- Library

## Our Proud MNS Selections
( Military Nursing Services )

GEETA D/o MUKESH VILL : DAWLA
MANSI D/o HARVINDER VILL : DUBALDHAN
YOGITA D/o DEVENDER VILL : KHERI KHUMMAR
VARSHA D/o DEVENDER VILL : TALAO
PRIYANKA D/o MUKESH VILL : JHAMRI
MAYANK D/o KAILASH VILL : DUBALDHAN

## Class - XII Board Result
Above 95% - 13 Students
Above 90% - 30 Students
Above 80% =119 Students

98.2% COMMERCE TOPPER YASHIKA D/o RAJEEV JHAJJAR
97.8% ART TOPPER PRACHI D/o SANDEEP BERI
97.2% SCIENCE TOPPER LAVANYA D/o JITENDER BERI
97.2% SCIENCE TOPPER YOGEETA D/o SURENDER JHAJJAR
96.2% PRACHI D/o SOMBIR GIRAWAR
96.2% SRISHTI D/o AJAY JHAJJAR
96% HARSH S/o SOMVEER ACCHEJ
96% NISHA D/o SURENDER MATANHAIL
95.6% NIDHI D/o PARAMVIR SILANI
95% KOMAL D/o SATENDER JHAJJAR
94.8% HUNNEY D/o RAMESH IMLOTA
95% SHUBHAM S/o KAILASH DUBALDHAN
95% ISHIKA D/o LAKSHMINARAYA CHANDPUR

## Class - X Board Result
Above 95% - 17 Students
Above 90% - 41 Students
Above 80% =107Students

97.4% BHAVYA D/o SACHIN BERI
97.2% PARI D/o UTTAM GOCHHI
97.2% HARSHIT S/o VIVEK BERI
96.8% PARTH S/o SANDEEP BERI
96.4% BHAVYA D/o PARVEEN JHAJJAR
96.2% KUNJAN D/o NEERAJ DULHERA
96.2% DEEPIKA D/o JITENDER CHHARA
96% BHAVYA D/o DEEPAK JHAJJAR
95.6% GARIMA D/o SUNIL BABRA
95.4% KOMAL D/o SATENDER JHAJJAR
95.4% HARSHITA D/o SOMDAS SIKANDERPUR
95% DIVYANSHYU S/o JITENDER GWALISION
95% YASH S/o SOMVIR UKHALCHANA

JHAJJAR CAMPUS : 8222889860,62 | PATAUDA CAMPUS : 9053007801,02
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar ( Haryana) | NH.352, Pataude, Near Kulana, Jhajjar ( Haryana)

## खबर संक्षेप



### महाराजा अग्रसेन नर्सिंग कॉलेज में हुआ ध्वजारोहण

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज की छात्राओं, शिक्षकों व अस्पताल के डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल (पंजाबी बाग) की अध्यक्ष मीना गुप्ता के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम गर्ग, महामंत्री त्रिलोकी नाथ, संजय गुप्ता, नर्सिंग कॉलेज प्रिंसिपल ललिता भट, प्रशासनिक डीन डॉ. पूनम अग्रवाल आदि इसमें उपस्थित रहे।



### सैनिक स्कूल में मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**बहादुरगढ़।** सैनिक पब्लिक स्कूल में शनिवार को गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया गया। सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए।



### अंबेडकर स्कूल में वितरित किए जूते

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित अंबेडकर स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें सार्थक सेवा समिति को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। स्कूल कमेटी अध्यक्ष उमेद सिंह, प्रधानाध्यापक रामानंद रंगा समेत स्टाफ सदस्यों ने सार्थक समिति के सदस्यों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देश प्रेम के साथ ही डॉ भीमराव अंबेडकर पर आधारित प्रस्तुतियां दी।



### ऊंटलौधा में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव ऊंटलौधा में ग्राम पंचायत द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत की गई है। गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य पंडित संत सुरेहती ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए रिबन काट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। ग्राम सरंपच सोमबीर ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों की टीमें भाग ले रही है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को ग्राम पंचायत द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### 90 शिक्षकों, शोधार्थियों एवं छात्रों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए

# शिक्षा में परिवर्तन, एआई व एनईपी पर हुई संगोष्ठी

**एनईपी 2020 शिक्षा प्रणाली के लिए एक क्रांतिकारी कदम: डॉ. अर्चना सूता**

*एमडीयू के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंस विभाग से प्रो. नसीब सिंह गिल ने शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में शनिवार को महाविद्यालय की आईक्यूएसी के तत्वाधान में प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में एक दिवसीय बहुविषयी राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भेंट किए गए। एजुकेशन 4.0 : कृत्रिम बुद्धिमत्ता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का समन्वय विषय पर यह संगोष्ठी हुई।

संगोष्ठी में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से आए 90 शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। मंच संचालन डॉ ललिता, डॉ सीमा व डॉ सुशीला द्वारा किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी परिवर्तनों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावों पर सार्थक चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में खरकड़ा राजकीय महिला महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. अर्चना सूता ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा को अधिक प्रभावी, व्यक्तिगत और परिणामोन्मुख बना सकती है। उन्होंने एनईपी 2020 को भारत की शिक्षा प्रणाली के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया। एमडीयू के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशंस विभाग से प्रो. नसीब सिंह गिल ने शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एआई आधारित शिक्षण पद्धतियाँ भविष्य की शिक्षा की दिशा तय करेंगी। दिल्ली के शिवाजी कॉलेज में उप-प्राचार्य प्रो. तेजबीर सिंह राणा ने एनईपी 2020 के बहुविषयक दृष्टिकोण एवं शिक्षा में नवाचार की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।



बहादुरगढ़। नेशनल सेमिनार में सर्टिफिकेट देते अतिथि व प्रिंसिपल।

### शिक्षा 4.0 पर संगोष्ठी आयोजित

प्राचार्या अलका गुलाटी, वित्तीय सचिव डॉ सुदेश राठी व आईक्यूएसी सदस्य डॉ शिल्पा चांदना, संगीता गोयल, डॉ मेहर सिंह, डॉ शीतल और डॉ आशिमा ने मुख्य अतिथि, कीनोट वक्ताओं एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। अलका गुलाटी ने कहा कि शिक्षा 4.0 वर्तमान समय की आवश्यकता है। इसमें तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला और विद्यार्थी-केंद्रित बनाती है। संयोजक एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. शिल्पा चांदना ने बताया कि यह संगोष्ठी शिक्षकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को नई शिक्षा प्रणाली को समझने एवं अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। संगीता गोयल ने सभी वक्ताओं, अतिथियों, आयोजक समिति, शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. सुदेश राठी ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पुलिस ने हेलमेट बांटकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। स्कूटी चालक को हेलमेट देते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

शनिवार को यातायात पुलिस ने एलएंडटी कंपनी के सहयोग से लाइनपार मोड़ पर एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें हेलमेट पहनने का महत्व समझाया गया। समाज में सकारात्मक संदेश देते हुए यातायात नियमों का सही ढंग से पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को प्रतीकात्मक रूप से लालीपॉप देकर नियमों के पालन का संदेश दिया गया और समझाइश के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। यातायात प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपाय जीवन रक्षक हैं तथा थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आरएसओ रविंद्र सैनी तथा एलएंडटी कंपनी से दुर्गेश पवार भी मौजूद रहे।

### भारतीय मुक्केबाजी टीम में प्राची का चयन

**झज्जर।** जिले की होनहार मुक्केबाज प्राची चाहार का चयन भारतीय टीम में हुआ है। उसकी इस नियुक्ति से स्थानीय महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।



बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 19 से 23 जनवरी तक पूणे आर्मी खेल संस्थान में आयोजित ट्रायल्स के दौरान प्राची चाहार का चयन हुआ है। अब वह थाईलैंड में होने वाली यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह उसकी कड़ी मेहनत व नियमित अभ्यास का परिणाम है। इस उपलब्धि पर उन्होंने प्राची के पिता मोनी चाहार व उसके परिजनों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। मतदान करने संबंधी शपथ लेते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को दी मतदाता दिवस की जानकारी

**झज्जर।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम की शुरुआत तनिशा और हर्षिता द्वारा की गई। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों से राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व और थीम से अवगत कराया। छात्रा मधु ने अपने भाषण में मतदान के मूल्य और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि भारती ने जिम्मेदार मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। पिंकी ने एक इंटरैक्टिव क्विज सेशन आयोजित किया और मिश्टी ने मतदान अधिकारों और लोकतांत्रिक भागीदारी के महत्व पर प्रस्तुति दी। इस मौके पर कल्चरल कमेटी कन्वीनर सारिका ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को मतदान अवश्य करने संबंधी शपथ दिलाई।

### डीएवी में भी धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**बहादुरगढ़।** शनिवार को डीएवी सेटेंनरी पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्मजीत छिकारा, ईश्वर आर्या, सतपाल वत्स, जयपाल दहिया, राजेश राठी, बिजेंद्र खोखर, सुखराम पाल व संतलाल मलिक ने दीप प्रज्वलन के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। मंच संचालन शालू शर्मा ने किया। दसवीं की जिया खुराना ने जोशीले भाषण में गणतंत्र दिवस पर अपने विचार सांझा किए। ग्यारहवीं की प्रियांशी और 10वीं की वंशिका ने अपनी देशभक्ति से परिपूर्ण कविता प्रस्तुत की। तीसरी से सातवीं के छात्रों ने देशभक्ति नृत्य के माध्यम से भारतीय संविधान और गणतंत्र दिवस के महत्व को दर्शाया। राजेश राठी और जयपाल दहिया ने प्रधानाचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ के प्रशंसनीय कार्यों की सराहना की।



बहादुरगढ़। देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करते डीएवी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते एसआर सेंचुरी स्कूल के विद्यार्थी।

### ध्वजारोहण के बाद हुए देशभक्ति कार्यक्रम

**बहादुरगढ़।** शहर के एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सदनीय मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। आठवीं कक्षा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छठी कक्षा की छात्रा ने देशभक्ति कविता प्रस्तुत की। बालवाटिका के अलावा 5वीं से 8वीं के विद्यार्थियों ने मनमोहक समूह नृत्य किया। मन्नत और छवि ने हिंदी एवं अंग्रेजी में भाषण देते हुए गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया। प्रधानाचार्य वीएन झा ने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों-समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने छात्रों को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# छोटूराम नगर में लगाया नेत्र जांच शिविर



बहादुरगढ़। कैंप में लोगों की आंखें जांचते स्वास्थ्यकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के वार्ड नंबर-10 में स्थित छोटूराम नगर में हरनेक आई हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे ने बताया कि शिविर में कुल 123 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गई और सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. संदीप गोठवाल व उनकी विशेषज्ञ टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार प्रदान किया। डॉक्टरों की टीम ने लोगों को आंखों की देखभाल, नियमित जांच और समय पर उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर निकी कुमारी, कविता, नवलकिशोर, विनोद सिंह, लल्लन सिंह, सुरेंद्र, संजय सिंह, केवला नंद जोशी आदि उपस्थित रहे। सभी ने इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की जरूरत बताई।



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा शनिवार को मान सिंह हाई स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वैष्णवी, द्वितीय स्थान पारूल, तृतीय स्थान गुड्डू व चिराग, रितिका, तमन्ना को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर लघु नाटिका व कविताओं की प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने बताया कि रूढ़िवादी सोच को बदलने के लिए महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ताकि बालिकाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त किया जा सके। कॉलेज की भावी अध्यापिकाओं ने स्कूली छात्राओं को केले व बिस्किट वितरित किए।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भूपेंद्र प्रथम

**द्वितीय स्थान चेतना ने हासिल किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूपेंद्र, द्वितीय स्थान चेतना तथा तृतीय स्थान नेहा और अंकुश ने प्राप्त किया।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के विजेता व प्रतिभागी छात्रों के साथ स्टाफ सदस्य।

प्राचार्य डॉ. सविता पुनिया के दिशानिर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग अध्यक्ष एवं स्वीप कार्यक्रम प्रभारी मोहित द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, मतदाता के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और लोकतंत्र से जुड़े संदेशों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं यूथ रेडक्रॉस कमेटी द्वारा एचआईवी एड्स पर जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं समाज को इस गंभीर स्वास्थ्य विषय पर जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस दौरान डॉ. अनीता दलाल, डॉ. संजय देसवाल, देवेंद्र, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. रेखा, डॉ. मनोज कुमार व गोविंद आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में देशभक्ति प्रस्तुति देते बाल विकास स्कूल के विद्यार्थी।

### जिम्मेदार नागरिक बनने का किया आह्वान

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर आजादी और संविधान के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों का संदेश दिया गया। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर ने विद्यार्थियों से संविधान के आदर्शों पर चलने, देश के प्रति ईमानदार रहने और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य डॉ. पूनम चौधरी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# छात्रों को स्वस्थ जीवन जीने का संदेश

**नशा, फास्ट फूड, जंक फूड से दूर रहने की दी सलाह**

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

शनिवार को गांव लुहारहेड़ी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग के सान्निध्य में निःशुल्क योग-प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम देवी ने की।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाते योगाचार्य जगदीश सहवाग।

कार्यक्रम में मंजीत, जितेंद्र, प्रेमराज, मुकेश, संजय, सुमन, संगीता, सरिता, कविता, ऋतु, कविता, जितेंद्र, रामकैलाश, ललित, जगमाल तहलान व ललित आदि के साथ छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने विद्यार्थियों को अष्टांग योग, योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने देशभक्ति, माता-पिता की सेवा, प्रकृति संरक्षण, शिक्षा का महत्व तथा नशा, फास्ट फूड, जंक फूड और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्ति के विकास पर बल देते हुए कहा कि संतुलित और स्वस्थ जीवन ही विद्यार्थी जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।


### छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

# बामड़ोली में रेड डॉट टीम ने सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**कार्यक्रम कन्या शिक्षण महाविद्यालय में किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शनिवार को रेड डॉट टीम द्वारा गांव बामड़ोली में विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। मुख्य सिपाही टीना ने अपनी टीम के साथ छात्राओं को आत्मनिर्भर व आत्मविश्वासी बनाने के उद्देश्य से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का आयोजन वैश्य आर्य कन्या शिक्षण महाविद्यालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के तरीके समझाती पुलिसकर्मी।

### बालिकाओं को दिया सुरक्षा प्रशिक्षण

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से बालिकाओं को अपनी सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा करने में मदद मिलती है। हवलदार टीना ने छात्राओं को बताया कि आत्मरक्षा केवल शारीरिक ताकत का विषय नहीं है, बल्कि मानसिक सजगता और सही समय पर सही निर्णय लेने की कला भी है। उन्होंने रोजमर्रा की परिस्थितियों में आने वाले खतरों को पहचानने, सतर्क रहने और आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा करने के सरल लेकिन प्रभावी तरीकों का प्रदर्शन किया। टीम ने छात्राओं को पकड़ से छूटने, धक्का देकर दूरी बनाने, तथा शोर मचाकर सहायता बुलाने जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया। साथ ही मीना ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव और पुलिस की सहायता लेने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। इस मौ के पर पीएलवी नीता देवी ने छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी।

### 77वें गणतंत्र दिवस पर सोमवार को जिला स्तरीय समारोह रोडवेज वर्कशॉप प्रांगण में मनाया जाएगा

# डीसी व डीसीपी ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को दिया अंतिम रूप


झज्जर। फाइनल रिहर्सल के दौरान परेड की सलामी लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पर सोमवार को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह रोडवेज वर्कशॉप प्रांगण में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को आयोजित फाइनल रिहर्सल के दौरान डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। डीसीपी जसलीन कौर ने परेड के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए परेड कमांडर को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने किया भाव विभोर

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान व निदेशका संगीता कोडान ने प्राचार्या नेहा शर्मा व अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर मां सरस्वती के सक्षम पुष्पार्पित किए। निदेशक सोमबीर कोडान ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण, उसकी मूल भावना तथा भारतीय नागरिकों के जीवन में उसके महत्व पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, भाषण, देशभक्ति कविताएं व नाट्य प्रस्तुतियां देकर वातावरण को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय सैनिकों के शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान का प्रभावशाली चित्रण किया गया तथा देश की रक्षा में तैनात वीर जवानों एवं अमर शहीदों को भावपूर्ण नमन किया गया। इस मौके पर प्राचार्या नेहा शर्मा, शिक्षिका रितु दहिया व बिंदु ने भी संबोधित किया।

## विद्यार्थियों व शिक्षकों ने किया तिरंगे को सलाम


झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ तिरंगे को सलाम करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** पैरामाउंट स्कूल छुछकवास में शनिवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों व नाटक की प्रस्तुति दी। प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न देशभक्तों की वेशभूषा में मनमोहक झांकी निकाली। स्कूल निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए उन्हें इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मिलकर देश की शान तिरंगे को सलाम किया।

## विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति गीत व कविताओं की प्रस्तुति

**झज्जर।** आरईडी स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस से संबंधित सुविचार, भाषण व कविता की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जहां नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया वहीं छठी कक्षा के छात्र अभिमन्यु ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्या गीता गाबा ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्यों का पालन भी करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, एकता और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।


झज्जर। मंच पर शिक्षकों के साथ उपस्थित कार्यक्रम के प्रतिभागी।


रेवाड़ी। परेड का निरीक्षण करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी : एसडीएम

**बेरी।** स्थानीय भागलपुरी चौक स्थित खेल स्टेडियम में शनिवार को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर प्रतिभागियों ने अंतिम अभ्यास किया। एसडीएम रेणुका नांदल ने एसीपी अनिल कुमार के साथ परेड और अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में रोहतक नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराकर परेड की सलामी लेंगे। फाइनल रिहर्सल के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़, ब्रिगेडियर रणसिंह पब्लिक स्कूल दुजाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी, पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल के प्रतिभागियों ने ग्रुप डांस व देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने आमजन से समारोह में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया।

## देशभक्ति गीत व नाटक की दी प्रस्तुति



**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में शनिवार को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि विद्यार्थियों ने जब नृत्य, गीत, नाटक व कविताओं की प्रस्तुति दी पंडाल जय हिंद-जय भारत के नारों से गूंज उठा। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों, रानी लक्ष्मी बाई, भारतीय सैनिकों एवं भारत की सांस्कृतिक झलक को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता परिणामों में नर्सरी कक्षा से रूद्र ने प्रथम, अनन्या ने द्वितीय तथा मयंक और धैर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पहली कक्षा से अविष्का प्रथम, रिद्धि व दीक्षा द्वितीय तथा अव्या व आदि तृतीय रहे। दूसरी कक्षा में धानी को पहला, मिवान को दूसरा व यांश को तीसरा स्थान मिला। तीसरी कक्षा में अखिलेंद्र पहले, पुलकित व कनक दूसरे तथा प्रवीर व उदित तीसरे स्थान पर रहे। चौथी कक्षा में मानवी ने प्रथम, यशिका ने द्वितीय और निकुंज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पांचवीं कक्षा में राशि को पहला व यशिका को दूसरा स्थान मिला। छठी व सातवीं कक्षा तक की कविता वाचन प्रतियोगिता में छठी कक्षा में दिव्यांशी ने पहला, पलक ने दूसरा, सातवीं कक्षा में दिव्या प्रथम, मान्या और मोहित द्वितीय तथा कार्तिक और मंजीत तृतीय रहे।

# पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश


झज्जर। पर्यावरण सरंक्षण व नशा मुक्ति विषय पर बनाए गए पोस्टर दिखाते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

■ विद्यार्थियों से पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजबीर सिंह जाखड़ की अध्यक्षता में हुआ। विद्यार्थियों ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से लोगों में नशा मुक्ति, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। राजबीर सिंह जाखड़ ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि पर्यावरण का शुद्ध बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें।

# नशा मुक्ति व साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक


झज्जर। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी।

■ महिलाओं व बुजुर्गों को सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी देकर जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा क्षेत्र के गांव झांसवा में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया तथा नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान आमजन को आपातकालीन सेवाओं के लिए डायल 112 की उपयोगिता, समय पर सूचना देने के महत्व तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने एवं साइबर हेल्पलाइन के उपयोग के प्रति भी सतर्क किया गया। साथ ही युवाओं एवं खिलाड़ियों को खेलों के महत्व, नियमित व्यायाम एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाकर शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं एवं बुजुर्गों को भी सुरक्षा संबंधी उपायों की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# हवन में आहुति डाल कर की सर्वमंगल की कामना


झज्जर। हवन कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। स्कूल के चेयरमैन सुखबीर डबास, निदेशक हरबीर डबास व प्रचार्य नसीब अहलावत ने स्टाफ सदस्यों के साथ हवन में आहुति डालकर सर्वमंगल की कामना की। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मां सरस्वती के समक्ष उनसे विद्या और ज्ञान का आशीर्वाद भी लिया।

# गीता जयंती महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**झज्जर।** एलए स्कूल में शनिवार को इस्कॉन समिति की तरफ से गीता जयंती महोत्सव पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना व भाजपा नेता मनीष बंसल ने शिरकत की। इस्कॉन की तरफ से श्रीराधा नाम दास, पवन, अभिमन्यु अनिरुद्ध दास, ज्योति, देवी दासी, मोनिका व भव्या शामिल हुए। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, केएम डागर व प्राचार्य निधि कादियान ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मुख्यातिथियों ने पवित्र धार्मिक पुस्तिका गीता भेंट करके सम्मानित किया। मुख्यातिथि कप्तान बिरधाना ने विद्यार्थियों को गीता महाकाव्य का अध्ययन करने व इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, डीपीई अमित लोहचब, विशाल कुमार, जितेंद्र कुमार, मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में अतिथियों, शिक्षकों व इस्कॉन समिति पदाधिकारियों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## छात्राओं व शिक्षकों ने ली मतदान संबंधी जागरूकता फैलाने की शपथ



**झज्जर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया। वोटर सेल प्रभारी डॉ. चित्रलेखा ने बताया कि प्राचार्या डॉ. नीलम गर्ग ने छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए कहा कि मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है। प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। डॉ. चित्रलेखा ने छात्राओं से कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस दौरान शिक्षकों, संस्थान के कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाने संबंधी शपथ भी दिलाई गई।


झज्जर। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य दलबीर सिंह।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए बेहतरीन मॉडल

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में प्राचार्य दलबीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी का आयोजन रसायन शास्त्र प्राध्यापक राकेश कुमार ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए और विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने निर्णायक का कार्य किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि भौतिकी में यशवीर और भूपेश प्रथम तथा रेणु और सिमरन द्वितीय रहे। रसायन शास्त्र में रचना और दीक्षा प्रथम तथा वंशिका और ज्योति द्वितीय रहे। प्राणी विज्ञान विभाग में हर्षिता और नीति प्रथम तथा तन्नू और ख़ुशी द्वितीय रहे। वनस्पति विज्ञान में गौरव और जय प्रथम तथा अन्नू और तन्नू द्वितीय रहे। भूगोल में अंतिम और सिमरन प्रथम तथा आरती और बंटी द्वितीय रहे जबकि अंकिता और पिंकी तृतीय रहे। कम्प्यूटर विज्ञान में योगेश प्रथम तथा जतिन और रोहित द्वितीय रहे तथा अंश तृतीय रहा। इस अवसर पर प्राध्यापिका सुरीला, डॉक्टर ललित कुमार, ज्योति सांगवान, संजीव कुमार, सुनीता बेनीवाल, डॉक्टर प्रवीण, रीना और अरविंद कुमार सहित सभी एक्सटेंशन लेक्चरर उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक - सूचना**

न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बादली

केस नं० तिथि दायरा तिथि पेशी मौजा तह० जिला

580/N.T. 20/08/2025 28/01/2026 लाडपुर बादली झज्जर

मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं० 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह। ...प्रार्थी

बनाम

1. उर्मिला 2. सुरेश 3. राजबाला पुत्रीयान व 4. रामबीर 5. रामनिवास 6. अतर सिहं पुत्रान छत्रसिहं पुत्र रामकलां। 7. सतवन्ती विधवा व 8. रचना 9. प्रीति 10. सरोज पुत्रीयान 11. अजय पुत्र कृष्ण पुत्र छत्रसिंह। 12. उषा देवी पत्नी कप्तान सिंह पुत्र कंवरलाल। 13. विकास लाकड़ा पुत्र जोगिन्द्र लाकड़ा पुत्र नारायण सिंह। 14. अजय कुमार पुत्र जयसिंह पुत्र सरूप सिंह। उपरोक्त सभी निवासीयान गांव लाडपुर तहसील बादली जिला झज्जर। ...उत्तरवादीगण

दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं0 278/224 मिन, मौजा लाडपुर, जमाबन्दी साल 2022-23 तहसील बादली जिला झज्जर।

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम अजीत आदि निवासीगण गांव बामड़ौला, तहर्सल बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा बामड़ौला, दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 28/01/2026 के निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन / वकालतान पेश होवे अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन/विज्ञापन आज दिनांक 08/01/202.6 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

हस्ता/-सहायक कलेक्टर, प्रथम श्रेणी, Badli बादली

### कार्यक्रम का शुभारंभ योगाभ्यास एवं एनएसएस गीत के साथ किया गया

# स्वयंसेवकों को दी आग से सुरक्षा के उपायों की जानकारी

■ स्टार्टअप इंडिया विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। स्वयंसेवकों को आग बुझाने के तरीकों की जानकारी देते हुए फायर अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ योगाभ्यास एवं एनएसएस गीत के साथ किया गया। प्राध्यापक अशोक कुमार के मार्गदर्शन में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने निष्पक्ष, निर्भीक एवं नैतिक रूप से मतदान करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की शपथ ली। स्टार्टअप इंडिया विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी सचिन कुमार, लीडिंग फायरमैन योगेश तथा फायर ड्राइवर संजय ने आग के प्रकारों एवं आग लगने की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सिलेंडर में आग लगाकर लाइव डेमो प्रस्तुत किया तथा एनएसएस स्वयंसेवकों को आग बुझाने के विभिन्न तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

## खबर संक्षेप



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में शव का अंतिम संस्कार कराने संबंधी कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

### शिनाख्त न होने पर शव का कराया अंतिम संस्कार

**झज्जर।** गांव जहांगीरपुर के बस स्टैंड के नजदीक सड़क किनारे मिले युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। ऐसे में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार को नगर परिषद की सहायता से शव का अंतिम संस्कार कराया गया। जांच अधिकारी विकास ने बताया कि उन्हें बीती बीस जनवरी को जहांगीरपुर गांव में सड़क किनारे युवक का शव लहु-लुहान हालत में मिला था। शव देख कर लगता था कि उसकी मौत किसी वाहन की चपेट में आने से हुई है। मृतक की शिनाख्त न होने पर उसका शव 72 घंटों तक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया था।

### 13 जनवरी से लापता है आदित्य

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना क्षेत्र के मायाविहार निवासी एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक के पिता मनोज कुमार की शिकायत पर थाना लाइनपार पुलिस ने केस दर्ज किया है। मनोज कुमार ने बताया कि उसका बड़ा बेटा आदित्य रोहतक से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा है। आदित्य 13 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे अपनी बाइक लेकर घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

**बहादुरगढ़।** तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मांडोठी निवासी 24 वर्षीय आकाश के रूप में हुई है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता संजीव ने बताया कि उनका बेटा आकाश 20 जनवरी को मोटरसाइकिल पर सांपला गया था। वापसी के दौरान भापड़ोदा-आसंडा फ्लाईओवर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में आकाश को गंभीर चोटें आईं। सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसकी हालत नाजुक हो गई।

### एचएसवीपी कार्यालय पर 30 से धरना देगी यूनियन

**बहादुरगढ़।** कच्चे कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल पर चढ़ाने की मांग को लेकर हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन 30 जनवरी से एचएसवीपी के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर धरना देगी। यूनियन प्रधान आरके नागर ने बताया कि बहादुरगढ़ मंडल में लंबे समय से कच्चे कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा पर लगातार सेवारत हैं। उनके नाम तथा रिकॉर्ड वर्ष 2022 में भी कौशल रोजगार निगम के पोर्टल पर नहीं डाले गए थे। इसे लेकर लगातार विरोध किया जा रहा है। अब हरियाणा सरकार ने दोबारा से एचकेआरएन पोर्टल 22 फरवरी तक खोलने का निर्णय लिया है। तुरंत सभी कच्चे कर्मचारियों का नाम रिकार्ड सहित पोर्टल पर अपलोड होने चाहिएं।

### सोलधा स्कूल में किया सूर्य नमस्कार

**बहादुरगढ़।** गांव सोलधा के राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. सुशीला सांगवान की अध्यक्षता में नशा मुक्त-योग युक्त हरियाणा के संकल्प के साथ हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के तत्वाधान में यह कैंप लगा। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग रोगों से दूर रखकर एक स्वस्थ जीवन जीने में मदद करता है। शिविर में आयुष योग शिक्षक प्रीति ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का विधिवत अभ्यास कराया। इस दौरान अध्यापिका सीमा, पीटीआई बिजेंद्र जून, प्रवीण, उषा व रिंकी आदि ने बच्चों के साथ योग अभ्यास में हिस्सा लिया।

*सेना की गाड़ी गहरी खाई में फिसलने के कारण भारतीय सेना के दस बहादुर जवान हुए शहीद*

# कई किलोमीटर लंबी शव यात्रा में गूंजे शहीद मोहित अमर रहे, भारत माता की जय के नारे






झज्जर। शहीद के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते भाई और ग्रामीण, शहीद के पिता को तिरंगा सौंपते हुए सेना के अधिकारी, शहीद मोहित के पार्थिव शरीर को लेकर आते हुए सेना की गाड़ी और पीछे युवाओं का काफिला तथा शहीद मोहित को सलामी देते हुए सेना की टुकड़ी।

### शहीद के छोटे भाई जितेंद्र ने मोहित के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहीद सैनिक मोहित के अंतिम संस्कार में उनके पैतृक गांव में गिजाड़ौद में किया गया। सैकड़ों की संख्या में युवा व ग्रामीणों ने भारत माता की जय, शहीद मोहित अमर रहे के नारे लगाए। बाद में पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद के छोटे भाई जितेंद्र ने मोहित के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, प्रशासन की ओर से एसडीएम अंकित कुमार चौकसे ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए नमन किया।

#### शहीद मोहित को नमन करने पहुंचे ग्रामीण



#### करीब पांच वर्ष पूर्व हुआ था सेना में भर्ती

करीब पांच वर्ष पहले मोहित सेना की 72 आर्मड कोर में भर्ती हुए थे और शहादत के समय चार राष्ट्रीय राइफल कश्मीर में तैनात थे। दो दिन पहले सेना की गाड़ी गहरी खाई में फिसलने के कारण भारतीय सेना के दस बहादुर जवान शहीद हुए थे। 72 आर्मड कोर से मेजर सुरेंद्र कुमार, हवलदार भूपसिंह, हवलदार धर्मवीर सिंह हवलदार राजीव सहित उनकी यूनिट के साथी शहीद के पार्थिव शरीर के साथ सुबह लगभग सवा 11 बजे गिजाड़ौद पंहुचे। शहीद के परिवार में धर्म पत्नी अंजलि, पिता सतपाल सिंह चौहान, मां रेखा देवी, छोटा भाई जितेंद्र हैं। प्रशासन की ओर से एसडीएम अंकित कुमार चौकसे, जिला सैनिक अर्द्ध सैनिक बोर्ड सचिव कर्नल कुंडू, डीआईपीआरओ सतीश कुमार, तहसीलदार शेखर, कल्याण अधिकारी राकेश कुमार, अजय कुमार दलाल, विजेंद्र सिंह ने शहीद मोहित को नमन किया।

#### मोहित की शहादत पर मां भारती को गर्व

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने शहीद के परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि गिजाड़ौद, झज्जर, हरियाणा और मां भारती को मोहित की शहादत पर गर्व है। यह वीर भूमि है। मोहित की शौर्य गाथा पर सभी को गर्व है। हमारे क्षेत्र के नौजवान शौर्य गाथाओं को सुन सुन कर बड़े होते हैं और मां भारती की सेवा करते हुए अपने सर्वोच्च बलिदान के लिए तैयार रहते हैं। शहादत और बलिदान से बड़ा कोई सम्मान नहीं है, यहीं वीर भूमि की परंपरा है जो वीर रोहित ने निभाई है। हम सभी को रोहित की शहादत पर हमेशा गर्व रहेगा।



शहीद के पिता सतपाल सिंह को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट करते हुए ओमप्रकाश धनखड़।

#### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल, ग्रामीणों की आंखें नम

शहीद मोहित का पार्थिव शरीर जैसे ही घर पहुंचा, वहां परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों की दयनीय हालत को देखते हुए वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई। सेना के अधिकारियों द्वारा जिस समय शहीद के पिता सतपाल को तिरंगा सौंपा, उस वक्त पिता फूट फूट कर रोया।



झज्जर। शहीद मोहित के पार्थिव शरीर घर में पहुंचने पर विलाप करते हुए परिजन।



झज्जर। शहीद की अंतिम यात्रा के दौरान सड़क किनारे तिरंगा लिए हुए खड़े स्कूली विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सीआरपीएफ में 225 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शौर्य सभागार में 18वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक जकी अहमद ने उन्हें पौधा देकर अभिवादन किया।

दिल्ली के वसंत कुंज में हुए कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महत्वाकांक्षी रोजगार योजना के तहत बेरोजगार युवकों एवं युवतियों को रोजगार मेले के माध्यम से सीधे रोजगार तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं।

अठारहवें रोजगार मेले में सरकार द्वारा देश में कुल 45 स्थानों पर 61 हजार से ज्यादा नियुक्ति पत्र शनिवार को दिए गए। शौर्य सभागार में 225 युवकों एवं युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूती से आगे बढ़ने का भी उल्लेख किया। उन्होंने 25 नव-नियुक्तों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा शेष नव-नियुक्तों को संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उप महानिरीक्षक विनय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल और उप महानिरीक्षक सुशील कुमार मिश्रा भी शामिल हुए।



बहादुरगढ़। एक युवती को नियुक्ति पत्र देते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय।

## सतगामा प्रधान व मायना गांव पंचायत ने एसआईटी प्रमुख सोनीपत पुलिस कमिश्नर से की मुलाकात

### एएसआई प्रवीन को न्याय दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बीती पंद्रह जनवरी की रात को हुए पंकज अहलावत एनकाउंटर मामले को लेकर सोनीपत की पुलिस कमिश्नर ममता सिंह के नेतृत्व में गठित की गई एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। शनिवार को सोनीपत पुलिस कमिश्नर ममता सिंह से सतगामा के प्रधान श्रीपाल के नेतृत्व में मायना गांव की पंचायत, प्रबुद्धजनों व एएसआई प्रवीन के परिजनों ने मुलाकात करते हुए न्याय दिलाने की मांग की। ग्रामीण महाबीर सिंह ने बताया कि एएसआई प्रवीण की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। इस घटना से न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे गांव को गहरा आघात पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि आरोपी ने खुलेआम कानून-व्यवस्था को चुनौती दी है। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं सतगामा के प्रधान श्रीपाल बालंद ने कहा कि इस मामले में कुछ लोग जानबूझकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं और खाप पंचायत को आगे करके समाज में गलत माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे भाई को गोली लगी है, बावजूद इसके हमें ही न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परिजन और ग्रामीण किसी के बहकावे में नहीं आकर केवल न्याय की मांग को लेकर सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईटी प्रमुख पुलिस कमिश्नर सिंह ने पूरे मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।



झज्जर। एसआईटी प्रमुख पुलिस कमिश्नर ममता सिंह से मिलने के उपरांत उपस्थित सतगामा व मायना गांव के प्रबुद्धजन।

#### सिल्वर बेल्स स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



बहादुरगढ़। शहर के सिल्वर बेल्स स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने फैंसी ड्रेस में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी

### आग में श्रमिकों की मौत पर हो कठोर कार्रवाई

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) के पार्ट-ए स्थित फैक्ट्री नंबर-1817 में आग लगने से दो श्रमिकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि छत से कूद कर जान बचाने वाला श्रमिक आईसीयू में उपचाराधीन है। मजदूर कल्याण मंच ने इस घटना पर आक्रोश जाहिर करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मंच के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार ने इस वीभत्स व डरावनी घटना में मरे श्रमिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि रबड़ और केमिकल प्रॉडक्ट वाली फैक्ट्री में आग लगने की आशंका अधिक होती है, ऐसे में वर्कर्स को अंदर बंद करके जाने वाला मालिक जिम्मेदार है। फायर से बचने के पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध नहीं किए गए। इसकी गहनता से न्यायिक जांच होनी चाहिए। अग्निशमन विभाग ने प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह बताया है। सतीश कुमार के अनुसार दोनों मृतक श्रमिकों को 50-50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाना चाहिए। गंभीर घायल श्रमिक को 20 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। हर फैक्ट्री में फायर फाइटिंग सिस्टम सुनिश्चित किए जाने चाहिए। प्रत्येक मृतक के आश्रित को नौकरी दी जाए और घायल का इलाज करवाया जाए। संगठन ने चेताया कि तुरंत कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो जोरदार आंदोलन गठित किया जाएगा।



झज्जर। निरीक्षणा के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसीपी जसलीन कौर। फोटो : हरिभूमि

### डीसीपी ने देर रात नाकों का किया निरीक्षण

**झज्जर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। दिल्ली से सटा हुआ जिला होने के कारण अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। इसी कड़ी में डीसीपी हैडक्वाटर जसलीन कौर ने शुक्रवार की रात को जिले के विभिन्न नाकों और शहर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नाकाबंदी, वाहन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा नियमित गश्त को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि दिल्ली सीमा से सटे मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाए और हर आने-जाने वाले वाहन की गहन जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मीटर चेक करने के विवाद में हुआ झगड़ा

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा में बिजली मीटर चेक करने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झगड़े में महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आसौदा निवासी महेश कुमार ने बताया कि वह 20 जनवरी को अपनी गली में लगे बिजली मीटर को चेक करने गया था। पड़ोसी सतीश और उसकी पत्नी पिंकी ने इसका विरोध किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर महेश अपने घर लौट आया, लेकिन कुछ देर बाद सतीश और उसकी पत्नी गली में आकर उलाहना देने लगे, जिससे कहासुनी हो गई। शोर सुनकर पड़ोसन सुनीता भी मौके पर पहुंच गई। झगड़े की आवाज सुनकर महेश का भाई उधम भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सतीश, योगेंद्र, रामभज और पिंकी ने हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इसमें महेश, उधम सिंह के साथ सुनीता भी घायल हो गई। उन्हें नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से महेश को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रमों के बीच विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान

## जीडी गोयनका में उत्साह के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिसके उपरांत राष्ट्रीय गान से वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के प्रारंभ में विद्यार्थियों ने मनोहारी गणेश वंदना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने समां बांध दिया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन कर सभी दर्शकों को हैरत में डाल दिया। शैलजा जून ने कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के साथ ही अधिकारों और कर्तव्यों के संतुलन का प्रतीक है। भारत का संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। इन अधिकारों की रक्षा तभी संभव है, जब हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का विशेष रूप से उल्लेख किया किया। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और देशभक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ शैलजा जून। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। शनिवार को परेड का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार व एसीपी।

### कल राजेश जून करेंगे ध्वजारोहण

**बहादुरगढ़।** शहर के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में शनिवार को गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर फाइनल रिहर्सल हुई। रिहर्सल में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्यक्रमों की अंतिम तैयारियों को परखा और प्रस्तुति को अंतिम रूप दिया। फाइनल रिहर्सल के दौरान नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार व एसीपी प्रदीप खत्री ने परेड की सलामी ली तथा कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परेड की अनुशासनात्मक व्यवस्था, मंच संचालन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार ने बताया कि 26 जनवरी को उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक राजेश जून मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। शनिवार को आयोजित रिहर्सल में हरियाणा पुलिस, सीनियर विंग एनसीसी, जूनियर विंग एनसीसी, स्काउट एंड गाइड्स सहित अन्य टुकड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी, जिनका उपस्थित अधिकारियों ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर बीईओ शेर सिंह, सुनील हुड्डा, निर्मल, पुरुषोत्तम, सुमित्रा तेवतिया, कोमल गौतम आदि उपस्थित रहे।